Need to introduce a superfast train between Ahmedabad and Karaikal, Puducherry-Laid

श्री दिनेशभाई मकवाणा **(**अहमदाबाद पश्चिम**) :**मेरा विषय गुजरात के अहमदाबाद और कैराईकल (पुदुचेरी) के बीच एक नई सुपरफास्ट रेल सेवा शुरू करने से संबंधित है । अहमदाबाद, जो गुजरात का प्रमुख आर्थिक और सांस्कृतिक केंद्र है, और इस क्षेत्र से कैराईकल की ओर किसी प्रकार की रेल सुविधा न होने से जनता को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । इसलिए, इस क्षेत्र में रेल सेवाओं का विस्तार आवश्यक है । अहमदाबाद और कैराईकल (पुदुचेरी) दोनों ही शहर व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शहर हैं, और इस नई रेल सेवा से दोनों क्षेत्रों के बीच व्यापार में तेजी आएगी । यह विशेषकर वस्त्र उद्योग, रसायन और कृषि उत्पादों के लिए फायदेमंद होगा । इसके साथ ही, पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को लाभ होगा । यह रेल सेवा हमारे क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, और इसके माध्यम से परिवहन सुविधाओं में सुधार होगा ।

अत : मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि अहमदाबाद और कैराईकल (पुदुचेरी) के बीच एक नई सुपरफास्ट रेल सेवा शुरू करने पर विचार किया जाए जिससे जनता को इसका लाभ मिल सके ।